|b09291 46monsoF (English)

|c09291_000_46monso.xml (Task 179476)

|v1

रविवार का प्रातःकालीन सत्र

|v2

जनरल सम्मेलन

|v3

रविवार का प्रातःकालीन सत्र

|v4

3 अक्टूबर 2010

|v5

कृतज्ञता का दिव्य उपहार

|v6

कृतज्ञता

|v7

जनरल सम्मेलन

|v8

कृतज्ञता का दिव्य उपहार

|v9

अध्यक्ष थॉमस एस. मॉनसन द्वारा

|v10

स्वर्गीय पिता की आशीषों के लिए और हमारे आस-पास के लोगों का जो कुछ वे हमारे जीवन में देते हैं, धन्यवाद प्रकट करने से हमें, ... एक कृतज्ञ हृदय मिलता है ।

|v11

यह एक शानदार सत्र रहा है । जब मुझे गिरजाघर का अध्यक्ष बनाया गया, मैंने कहा, ''मैं स्वयं एक कार्यभार अपने लिए लूंगा । मैं मंडप गायक मंडल ी का सलाहकार बनूंगा ।'' मुझे अपनी गायक मंडली पर गर्व है !

|v12

मेरी मां ने एक बार मेरे विषय में कहा था, ''टॉमी, तुमने जो कुछ किया है मुझे उसपर गर्व है । लेकिन मैं तुम्हें एक बात कहना चाहती हूं । तुम्हें पिय ानो बजाते रहना चाहिए था ।''

|v13

इसलिए मैं पियानो के पास गया और उनके लिए एक गीत बजायाः ''Here we go, [here we go] to a birthday party ।''1
 तब मैंने उनके माथे को चूमा, और उन्होंने मुझे गले लगाया ।

|v14

मैं उनके विषय में सोचता हूं । मैं अपने पिता के विषय में सोचता हूं । मैं उन सभी जनरल अधिकारियों के विषय में सोचता हूं जिन्होंने मुझे और अन्य लोगों के साथ-साथ, उन विधवाओं को भी प्रभावित किया है जिनसे मैं मिला था---उन 85
 विधवाओं के पास---ओवन में एक मूर्गा, कभी-कभी खर्च करने के लिए कुछ पैसा होता था ।

|v15

मैं एक बार देर रात मिलने गया । आधी रात का समय था, और मैं उपचार गृह पहुंचा, और परिचारिका ने कहा, ''मुझे यकीन है कि वह सो गई होंगी , लेकिन उन्होंने मुझे कहा था कि मैं उन्हें अवश्य जगा दूं, क्योंकि उन्होंने कहा था, 'मैं जानती हूं वह आएगा ।' ''

|v16

मैंने उनका हाथ पकड़ा; उन्होंने मेरा नाम लिया । वह पूरी तरह से जाग रही थीं । उन्होंने मेरे हाथ को अपने होंठों से दबाकर रखा और कहा, ''मुझे प ता था तुम आओगे ।'' मैं कैसे न आता ?

|v17

सुंदर संगीत मुझे इसी तरह स्पर्श करता है ।

|v18

मेरे प्यारे भाइयों और बहनों, हमने सच, आशा, और प्रेम के प्रेरणादायक सन्देशों को सुना । हमारे विचार उसकी ओर मुड़ गए जिसने हमारे पापों के ि लए प्रायश्चित किया था, जिसने हमें जीने का मार्ग दिखाया और सीखाया कि प्रार्थना कैसे करते है, और जिसने अपने कामों से सेवा की आशीषों को ि

दखाया था---यानि हमारा प्रभु और उद्धारकर्ता, यीशु मसीह ।

|v19

लूका की पुस्तक, के सतरहवें अध्याय में, हम उसके विषय में पढ़ते हैंः

|v20

''और ऐसा हुआ कि वह यरूशलेम को जाते हुए सामरिया और गलील के बीच से होकर जा रहा था ।

|v21

''और किसी गांव में प्रवेश करते समय उसे दस कोढ़ी मिले, और उन्होंने दूर खड़े होकर :

|v22

''ऊंचे शब्द से कहा, हे यीशु, हे स्वामी, हम पर दया कर ।

|v23

''उसने उन्हें देखकर कहा, जाओ; और अपने तई याजकों को दिखाओ; और जाते ही जाते वे शुद्ध हो गए ।

|v24

''तब उनमें से एक यह देखकर कि मैं चंगा हो गया हूं, ऊंचे शब्द से परमेश्वर की बढ़ाई करता हुआ लौटा ।

|v25

''और यीशु के पांव पर मुंह के बल गिर कर, उसका धन्यवाद करने लगा: और वह सामरी था ।

|v26

''इस पर यीशु ने कहा, क्या दसों शुद्ध न हुए तो फिर वे नौ कहां हैं ?

|v27

''क्या इस परदेशी को छोड़ कोई और न निकला, जो परमेश्वर की बढ़ाई करता ?

|v28

''तब उसने उससे कहा, उठकर, चला जा: तेरे विश्वास ने तूझे चंगा किया है ।''2

|v29

दिव्य मध्यस्थता के द्वारा, उन कोढ़ियों को क्रूरता, तिल-तिल कर मरने से बचा लिया गया और उन्हें जीवन जीने का एक नया मौका मिला था। एक क
ोढ़ी द्वारा व्यक्त की गई कृतज्ञता ने स्वामी की आशीष को बढ़ाया; नौ कोढ़ियों द्वारा व्यक्त की गई, अकृतज्ञता ने उसकी निराशा को।

|v30

मेरे भाइयों और बहनों, क्या हम, हमें मिली आशीषों के लिए धन्यवाद देना याद रहता हैं ? सच्चाई से धन्यवाद देना हमें न केवल अपनी आशीषों को पहचानने में सहायक होता है, बल्कि यह स्वर्ग का द्वार भी खोल देता और हमें परमेश्वर के प्यार को महसूस करने में मदद करता है।

|v31

मेरे प्रिय मित्र अध्यक्ष गोर्डन बी. हिंकली ने कहा था, ''जब आप आभार के साथ जीवन जीते हैं, आप घमंड और अहंकार और स्वार्थ पूर्ण जीवन नहीं जीते, आप धन्यवाद की आत्मा के साथ अपना जीवन जीते हैं जो आपके लिए उचित है और आपके जीवन को आशीषित करेगा।3

|v32

बाइबिल में मत्ती की पुस्तक में, आभार की एक अन्य घटना है, इसे समय उद्धारकर्ता ने भाव प्रकट किया था। जब वह तीन दिनों से वीरान में यात्रा कर रहा था, 4,000
से ज्यादा लोग उसके पीछे चल और उसके साथ यात्रा कर रहे थे। उसे उन पर करुणा आई, क्योंकि उन्होंने तीन दिनों से कुछ खाया नहीं था। हालांकि, उसके चेलों ने, उससे पूछा, ''हमें इस जंगल में कहां से इतनी रोटी मिलेगी कि हम इतनी बड़ी भीड़ को तृप्त करें ?'' हम में से बहुतों की तरह, चेलों को जिस वस्तु की कमी थी वही नजर आ रही थी।

|v33

''यीशु ने उनसे पूछा, तुम्हारे पास कितनी रोटियां हैं ? और उन्होंने [चेलों ने] कहा, सात और थोड़ी-सी छोटी मछलियां।

|v34

''तब [यीशु] उसने लोगों को भूमि पर बैठने की आज्ञा दी।

|v35

''और उन सात रोटियों और मछलियों को ले *धन्यवाद* करके तोड़ा, और अपने चेलों को देता गया, और चेले लोगों को।''

|v36

ध्यान दें कि उद्धारकर्ता ने जो उनके पास था उसके लिए धन्यवाद दिया था---और उसके बाद चमत्कार हुआ:
''सो सब खाकर तृप्त हो गए, और बचे हुए टुकड़ों से भरे हुए सात टोकरे उठाए।''4

|v37

हम सभों ने ऐसे समयों को अनुभव किया है जब हमारा ध्यान हमारी आशीषों पर केन्द्रीत न होकर अभावों पर, होता है। यूनानी दार्शनिक एपीकटीटस ने कहा था, ''बुद्धिमान मनुष्य वह है जो उन चीज़ों के लिए दुखी नहीं होता जो उसके पास नहीं है, बल्कि उसमें खुश होता है जो उसके पास है।''

|v38

कृतज्ञता एक दिव्य सिद्धान्त है । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ को दिए गए एक प्रकटीकरण द्वारा, प्रभु ने घोषणा की थी:

|v39

''हमें सब बातों के लिए अपने प्रभु परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए । ...

|v40

''किसी भी अन्य कार्य से मनुष्य परमेश्वर के प्रति अपराध नहीं करता है, या किसी भी अन्य के विरूद्ध उसका क्रोध नहीं भड़कता है, सिवाय उसके जा े हर काम के लिए उसका धन्यवाद नहीं करता है ।''6

|v41

मॉरमन की पुस्तक में हम से कहा गया है ''जो दया और आर्शीवाद उसने [परमेश्वर] तुम्हें दिया है उनके लिए कृतज्ञता प्रकट करते रहो ।''7

|v42

हमारी परिस्थितियां कैसी भी क्यों न हो, हम में से प्रत्येक के जीवन में आभार प्रकट करने के लिए बहुत कुछ है यदि हम शान्ति से अपनी आशीषों पर विचार करेंगे ।

|v43

पृथ्वी पर होने का यह बढ़िया समय है । आज ऐसे समय में जबकि संसार में बहुत कुछ गलत है, बहुत सी बातें हैं जो सही और अच्छी हैं । ऐसे विवा ह हैं जो कि सफल होते हैं, ऐसे माता-पिता जो अपने बच्चों से प्रेम करते हैं और उनके लिए त्याग करते हैं, ऐसे मित्र जो हमारा ध्यान रखते और मदद करते हैं, अध्यापक जो शिक्षा देते हैं । हमारे जीवन कई प्रकार से आशीषित हुए हैं ।

|v44

हम अपने आपको ऊपर उठा सकते हैं और दूसरों को भी, जब हम नकारात्मक विचारों का त्याग कर देते हैं और हमारे ह्रदयों के भीतर कृतज्ञता के स्व भाव को उत्पन्न करते हैं । यदि अकृतज्ञता गंभीर पापों में से एक हो सकता है, फिर कृतज्ञता कुलीनता के गुणों में से एक है । किसी ने कहा है कि ''कृतज्ञता न केवल महानत्तम गुण है, बल्कि अन्य सभी गुणों का जन्मदाता है ।''8

|v45

अपने ह्रदयों के भीतर हम कृतज्ञता के व्यवहार को कैसे उत्पन्न कर सकते हैं ? अध्यक्ष जोसफ एफ. स्मिथ, गिरजाघर के छठवें अध्यक्ष ने जवाब दिया था । उन्होंने कहा था: ''कृतज्ञ व्यक्ति संसार में बहुत सी बातों का धन्यवाद प्रकट करने के लिए देखता है, और उसे बुराई की अपेक्षा अच्छाई अधिक नजर आती है । प्रेम ईर्ष्या को हरा देता है, और प्रकाश उसके जीवन से अंधकार को दूर कर देता है ।'' उन्होंने आगे कहा: ''घमंड हमारी कृतज्ञता क ा नाश करता है और इसके स्थान पर स्वार्थीपन उत्पन्न कर देता है । आभारी और प्यार करने वाली आत्मा की उपस्थिति में हम कितने खुश रहते हैं, और प्रार्थनापूर्वक जीवन के माध्यम द्वारा परमेश्वर और मनुष्य के प्रति धन्यवाद का व्यवहार बढ़ाने के लिए, हमें कितना सावधान रहना चाहिए !'' 9

|v46

अध्यक्ष स्मिथ हम से कह रहे हैं कि प्रार्थनापूर्वक जीवन कृतज्ञता पाने की कुंजी है ।

|v47

सांसारिक वस्तुएं क्या हमें खुशी देती हैं और आभारी बनाती हैं ? शायद कुछ क्षणों के लिए । हालांकि, जो बातें गहन और स्थाई खुशीयां और कृतज्ञत ा देती हैं, उन्हें पैसों से नहीं खरीदा जा सकताः जैसे हमारा परिवार, सुसमाचार, अच्छे मित्र, हमारा स्वास्थ्य, हमारी योग्यताएं, प्रेम जो हमें अपने आस-प ास के लोगों से मिलता है । दुर्भाग्य से, ये उनमें से कुछ वस्तुएं हैं जिनके लिए हम आभार प्रकट नहीं करते ।

|v48

अंग्रेज लेखक ऑल्डस हक्सली ने लिखा था, ''अधिकतर मनुष्यों में बिना आभार प्रकट किए वस्तुओं को लेने की असीम क्षमता होती है ।''10

|v49

हम अक्सर उन्हीं लोगों का धन्यवाद प्रकट नहीं करते हैं जिन्हें हमारी कृतज्ञता की सबसे अधिक जरूरत होती है । हम इसके लिए इतना इन्तजार न करें कहीं ऐसा न हो कि हमें कृतज्ञता प्रकट करने में बहुत देर हो जाए । अपने खोए प्रियजनों के विषय में बात करते समय, एक पुरुष ने दुखी होकर घो षणा इस तरह की थी : ''मैं खुशी के उन दिनों को याद करता हूं, और अक्सर मेरी इच्छा होती है काश मैं उन मृतकों के कान में कृतज्ञता के शब्द बोल सकता जिसे उन्होंने अपने जीवन में कभी-कभार सुना था और जिसके वे हमेशा हकदार थे ।'' 11

|v50

प्रियजनों को खोना निश्चित रूप से हमारे दिलों में दुख लाता है । आओ हम, उनके प्रति प्रेम और आभार प्रकट करके इस तरह की अनुभूतियों को मा नवरूप से जितना संभव उतना कम करें । हम कभी नहीं जान सकते कि कब बहुत देर हो जाएगी ।

|v51

स्वर्गीय पिता की आशीषों के लिए और हमारे आस-पास के लोगों का जो कुछ वे हमारे जीवन में देते हैं, धन्यवाद प्रकट करने से हमें, एक कृतज्ञ हृदय मिलता है । इसके लिए सचेत प्रयास की जरूरत होती है---कम से कम उस समय तक जब तक हम सचमुच में आभार प्रकट करने का व्यवहार को न हीं सीखते और उत्पन्न करते हैं । अक्सर हम आभार महसूस करते और धन्यवाद प्रकट करने की *इच्छा* करते हैं लेकिन ऐसा करना भूल जाते या ऐसा करने के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं । किसी एक ने कहा था ''कृतज्ञता महसूस करना और इसे प्रकट नहीं करना वैसा ही जैसे उपहार को सुन्दर ता से लपेटना और न देना ।''12

|v52

जब हम अपने जीवन में चुनौतियों और परेशानियों का समाना करते हैं, तो हमारे लिए अक्सर कठीन हो जाता है अपनी आशीषों पर ध्यान देना । इसलि लए, यदि हम गहनता और ध्यान से दृष्टि दौड़ाएं, तो हम महसूस करेंगे और जानेंगे कि हमें बहुत कुछ दिया गया है ।

|v53

मैं आपके साथ एक ऐसे परिवार का विवरण बांटता हूं जो गंभीर चुनौतियों के बीच भी आशीषें खोजने में समर्थ था । यह विवरण मैंने कई वर्षों पहले

पढ़ा था और क्योंकि इसका संदेश जो यह देता है के कारण अपने पास रखा है । इसे गोर्डन ग्रीन ने लिखा था और पचास साल पहले एक अमेरिकी प त्रिका में छपा था ।

|v54

गोर्डन बताता है कि कैसे वह कनाडा के खलिहान में बड़ा हुआ था, जहां उसे और उसके भाई-बहनों को विद्यालय से जल्दी घर जाना पड़ता था जबकि दूसरे बच्चे गेंद खेलते और तैरने जाते थे । उनके पिता के पास इतनी क्षमता थी कि वह उन्हें यह समझने में मदद कर सके कि उनके काम की कुछ न कुछ कीमत है । यह फसल के काटने के बाद विशेषरूप से सच होता था, जब परिवार धन्यवाद समारोह मनाता था, क्योंकि उस दिन उनके पिता उन्हें एक अच्छा उपहार देते थे । वह हर एक वस्तु की सूची बनाते जो उनके पास थी ।

|v55

धन्यवाद समारोह की सुबह, वह उन्हें नीचे गोदाम में ले जाते जहां सेबों के पीपे, चुकन्दर के टोकरियां, रेत में रखी गाजरें, और बोरियों में भरे आलूओं के पहाड़ के साथ-साथ मटर, मक्का, सेम की फलियां, जेली, स्ट्राबेरी और अन्य मुरब्बे रखे रहते थे । वह बच्चों से हरएक वस्तु को ध्यान से गिनती क रने के लिए कहते थे । फिर वे खलिहान में जाते और अनुमान लगाते थे कि कितने टन भूसा वहां था और अनाज के गोदाम में कितना अनाज पड़ा हु आ है । वे गाय, सुअर, मूर्गियां, टर्की और बत्तखों को गिनते थे । उनके पिता कहते कि वे देखना चाहते थे कि परिवार की जरूरत के हिसाब से कित नी वस्तुएं थी, लेकिन वे जानते थे कि वे उन्हें, उस त्यौहार के दिन, महसूस करवाना चाहते थे कि परमेश्वर ने किस बहुतायत से उन्हें आशीषें और उन की कड़ी मेहनत का फल उन्हें दिया था । अंततः जब वे उस विशेष भोजन को खाने के लिए बैठते थे जिसे उनकी मां पकाती थी, वे उन आशीषों को महसूस कर सकते थे ।

|v56

गोर्डन ने बताया था, हालांकि, जिस धन्यवाद समारोह को वह अधिक धन्यवाद देकर याद करते थे वह उस साल था जब उनके पास धन्यवाद देने के लि ए लगभग कुछ भी नहीं था ।

|v57

साल की शुरूआत ठीक हुई थीः उनके पास काफी भूसा था, बहुत से बीज, सुअर के चार बच्चे थे; और उनके पिता के पास थोड़ा-सा धन था जो उन्ह ोंने हे-लोडर (भूसा काटने और उठाने वाली) मशीन खरीदने के लिए अलग रखा हुआ था---अधिकतर किसान उस मशीन को पाने का सपना देखते थे । उसी साल हमारे शहर में बिजली आई थी---हालांकि उनके लिए, क्योंकि वे इसका खर्चा नहीं उठा सकते थे ।

|v58

एक रात जब गोर्डन की मां बहुत सारे कपड़े धो रही थी, उसके पिता घर आए और उन्होंने कपड़े धोने की अपनी बारी शुरू की और अपनी पत्नी से अ राम और बुनाई करने के लिए कहा । उन्होंने कहा, ''तुम सोने से अधिक समय कपड़े धोने में व्यतीत करती हो । तुम क्या सोचती हो हम अपना संक ल्प तोड़ दें और बिजली ले लें ?'' यद्यपि मां को इस प्रस्ताव से खुश हुई थी, लेकिन जब उन्होंने विचार किया कि भूसा काटने और उठाने वाली मशी न नहीं खरीदी जा सकती, तो उनकी आंखों में आंसू निकल पड़े ।

|v59

तो उस साल बिजली के तार उनकी गली तक पहुंच गए । यद्यपि यह ज्यादा रूचिकर नहीं था, उन्होंने कपड़े धोने की मशीन ले ली थी जो सारा दिन क पड़े धोती थी और हर छत पर चमकदार बिजली के बल्ब लग गए । अब लालटेन में तेल भरना, बत्ती काटना, गन्दी चिमनी को साफ करने जैसा काम खत्म हो गए थे । लालटेनों को छत के गोदाम में रख दिया गया था ।

|v60

उनके खलिहान में बिजली आना शायद वह अन्तिम अच्छा काम था जो उनके साथ उस साल हुआ था। जैसे ही उनकी पैदावार खेत में उगने के लिए तैयार हुई, बारिश शुरू हो गई। अन्ततः जब पानी कम हुआ, खेत में एक भी पौधा नजर नहीं आ रहा था। उन्होंने फिर से बीज बोए, लेकिन अधिक बारिश से वे भी बह गए। उनके आलू कीचड़ में सड़ गए। उन्होंने कुछ गायों को और सारे सुअरों और अन्य जानवरों को बेच दिया जिसे उन्होंने रख ने का विचार बनाया था। उस साल उन्होंने जो कुल फसल पाई थी वह थी केवल एक खेत शलगम, जो किसी तरह तुफानों को झेल पाई थी।

|v61

फिर से धन्यवाद समरोह आया। उनकी मां ने कहा, ‘‘बेहतर होगा इस साल हमें इसे भूल जाएं। हमारे पास पकाने के लिए विशेष कुछ भी नहीं बचा है।’’

|v62

धन्यवाद समारोह की सुबह, तथापि, गोर्डन के पिता एक जंगली खरगोश लाए और अपनी पत्नी से उसे पकाने के लिए कहा। मां ने यह दिखाते हुए उसे अनिच्छा से पकाना शुरू किया कि खरगोश के मोटे मीट को गलने में बहुत समय लगेगा। अन्त में, जब इसे बची हुई शलगम के साथ मेज पर प रोसा गया, बच्चों ने खाने से मना कर दिया। गोर्डन की मां रोई, और फिर उनके पिता ने एक अनोखा काम किया। वह छत के गोदाम में गए, लाल टेन लाए, उसे मेज पर रखा और जलाया। उन्होंने बच्चों से कहा बिजली के बल्ब बंद कर दो। अब जब सिर्फ लालटेन जल रही थी, उन्हें विश्वास नह ीं हो रहा था कि यह वही अंधेरा था जो पहले हुआ करता था। उन्हें आश्चर्य हो रहा था कि बिना बिजली की तेज रोशनी के वे सब वस्तुओं को कैसे देख पाते थे।

|v63

भोजन के लिए प्रार्थना की गई, और सबने खाया। जब भोजन समाप्त हो गया, वे सब चुपचाप बैठे रहे। गोर्डन ने लिखा थाः

|v64

‘‘पुरानी लालटेन की कम रोशनी में हम फिर से सब कुछ साफ देख पा रहे थे। …

|v65

‘‘वह एक शानदार भोजन [था]। जंगली खरगोश का स्वाद टर्की जैसा लगा, और शलगम बहुत ही स्वादिष्ट थी। …

|v66

‘‘… [हमारे] घर में … , बहुत कुछ न होते हुए भी, [हमारे लिए] सब कुछ था।’’13

|v67

मेरे भाइयों और बहनों, कृतज्ञता प्रकट करना कृपामय और आदरणीय है, कृतज्ञता को दर्शाना महानता और भव्य काम है, लेकिन हमेशा हमारे हृदयों आभार भरा रहे यह स्वर्ग छूने के समान है।

|v68

अब मैं इस सुबह की सभा को समाप्त करता हूं, सब बातें जिनके लिए हम कृतज्ञ हैं, के अतिरिक्त मेरी यह प्रार्थना है, हम हमेशा अपने प्रभु और उद्धारकर्ता, यीशु मसीह के लिए अपनी कृतज्ञता प्रकट करें। उसके यशस्वी सुसमाचार ने जीवन के महानत्तम प्रश्नों का उत्तर दिया हैः हम कहां से आए थे ? हम यहां क्यों हैं ? मरने के बाद हमारी आत्मा कहां जाएगी ? यह सुसमाचार उनके जीवन में दिव्य सच्चाई का प्रकाश लाता है जो अंधकार में जी रहे हैं।

|v69

उसने हमें प्रार्थना करना सीखाया। उसने हमे जीना सीखाया। उसने हमें मरना सीखाया। उसका जीवन प्रेम की एक विरासत है। बीमार को उसने चंगा किया; कुचले-हुओं को उसने ऊपर उठाया; पापी को उसने बचाया।

|v70

अंततः, वह अकेला खड़ा था। कुछ प्रेरितों ने संदेह किया; एक ने उसे धोखा दिया। रोमी सैनिकों ने उसकी छाती को भेदा था। क्रोधित भीड़ ने उसकी जान ले ली। फिर भी, गुलगुता की पहाड़ी पर उसके दया भरे शब्द सुनाई दिए ''हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये जानते नहीं कि क्या कर रहे हैं।''14

|v71

वह ''दुखी पुरुष कौन था, … जिसकी रोगों से जान-पहचान थी''?15 ''वह प्रतापी राजा,''16
प्रभुओं का प्रभु कौन है ? वह हमारा स्वामी है। वह हमारा उद्धारकर्ता है। वह परमेश्वर का पुत्र है। वह हमारे उद्धार का रचयिता है। वह संकेत से बुलाता है, ''मेरे पीछे आओ।''17 उसने निर्देश दिया, ''जा, तू भी ऐसा ही कर।''18 उसने याचाना की, ''मेरी आज्ञाओं को मानो।''19

|v72

आओ हम उसके पीछे हो लें। आओ हम उसके उदाहरण पर चलें। आओ उसके वचनों का पालन करें। ऐसा करने से, हम उसे कृतज्ञता का दिव्य उपहार देते हैं।

|v73

मेरी सच्चे, हृदय की प्रार्थना है कि हम, अपने व्यक्तिगत जीवनों में, कृतज्ञता के इस आश्चर्यजनक गुण को प्रदर्शित करें। काश कृतज्ञता हमारी आत्माओं को, अब और हमेशा के लिए अधिकता से भर दे। हमारे उद्धारकर्ता, यीशु मसीह के पवित्र नाम में, आमीन।

|v74

विवरण

|v75

1.

|v76

जॉन थॉम्सन, “Birthday Party,” *Teaching Little Fingers to Play* (1936), 8।

|v77

2.

2.

|v78

लूका 17:11-19।

|v79

3.

|v80

*Teachings of Gordon B. Hinckley* (1997), 250।

|v81

4.

4.

|v82

देखें मत्ती 15:32-38; महत्व जोड़ा गया है।

|v83

5.

|v84

*The Discourses of Epictetus; with the Encheiridion and Fragments*, अनु. George Long (1888), 429।

|v85

6.

|v86

सिद्धान्त और अनुबन्ध 59:7, 21।

|v87

7.

|v88

अलमा 34:38।

|v89

8.

|v90

Cicero, *A New Dictionary of Quotations on Historical Principles* में, सं. H. L. Mencken (1942), 491।

|v91

9.

|v92

जोसफ एफ. स्मिथ, *Gospel Doctrine,* 5वां सं. (1939), 263।

|v93

10.

|v94

ऑल्डस हक्सली, *Themes and Variations* (1954), 66।

|v95

11.

|v96

विलियम एच. डेविस, *The Autobiography of a Super-Tramp* (1908), 4।

|v97

12.

|v98

विलियम आर्थर वार्ड, Allen Klein में, सं., *Change Your Life!* (2010), 15।

|v99

13.

|v100

एच. गॉर्डन ग्रीन, “The Thanksgiving I Don’t Forget,” *Reader’s Digest*, नवं. 1956, 69–71 से लिया गया।

|v101

14.

|v102

लूका 23:34।

|v103

15.

|v104

यशायाह 53:3।

|v105

16.

|v106

भजन संहिता 24:8।

|v107

17.

|v108

मत्ती 4:19।

|v109

18.

|v110

लूका 10:37।

|v111

19.

|v112

यूहन्ना 14:15।

|v113

लियाहोना

|v114

नवंबर 2010